**स्व स्त्रौत :-**

दिनांक 31.03.17 को रोकड़ बहियों में अन्तिम शेष : ₹534339

**अनुदान :-**

दिनांक 31.03.17 को रोकड़ बहियों में अन्तिम शेष : ₹2161416

**स्व स्त्रौत एवं अनुदान की रोकड़ बहियों में**
**दिनांक 31.03.17 को अन्तिम शेष : ₹2695755**

दिनांक 31.03.17 को बैंक खातों में अन्तिम शेष : ₹2695754.98

दिनांक 31.03.17 को हस्तगत राशि : शून्य

| बैंक खाता संख्या | राशि |
|---|---|
| GEN-A, KCCB -3830 | 534339 |
| 13th & 14th FC, PNB -507289 | 1454955.99 |
| GEN-B, PNB – 7270 | 699500.99 |
| IAY, KCCB – 4017 | 6959 |
| MNREGA, PNB -510317 | 0 |
| MNREGA, KCCB -04186 | 0 |
| MNREGA, CBI -41576 | 0 |
| **कुल राशि** | **₹2695754.98** |

**4.1 रोकड़ बही का बैंक खातों से नियमानुसार मिलान न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ बही के शेषों का बैंक खातों के शेष से मिलान करना अनिवार्य है । जबकि पंचायत की रोकड़ बही के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ बही व बैंक खातों का मिलान नहीं किया गया था । अतः नियमों के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों से बैंक खातों के शेष के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए ।

**4.2** जांच में पाया गया कि स्व स्त्रौत की रोकड़ बही के पृष्ठ-91 में दिनांक 31.03.17 को ₹13794 का चैक लम्बित (Outstanding) दर्शाया गया था जो कि दिनांक 01.04.14 से पूर्व का लम्बित था, लेकिन चैक संख्या व चैक किसे जारी किया गया था अथवा जिससे प्राप्त किया गया था, का विवरण नहीं दिया गया था । अतः उक्त चैक के पूरे विवरण से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ तथा लम्बित राशि की सम्बंधित से वसूली की जाए।

**5 पंचायत राजस्व ₹0.05 लाख की वसूली हेतु शेष:-**

पंचायत की स्व स्त्रौतों से प्राप्त आय का संबन्धित उपलब्ध अभिलेख से अंकेक्षण करने पर पाया गया कि विवाह पंजीकरण फीस के रूप में वसूली हेतु ₹4980 शेष थी, जिसकी वसूली करना सुनिश्चित करें । निम्न विवरणानुसार दिनांक 31.03.17 तक पंचायत के राजस्व ₹4980 की वसूली शेष थी ।

1. शादी की पंजीकरण फीस के रूप में ₹4980/- की कम वसूली :-

सयुंक्त निदेशक, पंचायती राज विभाग की अधिसूचना संख्या PCH-HA(1)8/2013-Marriage 8017-8110 दिनांक 28.10.16 के अन्तर्गत विवाह के 30 दिन के भीतर पंजीकरण हेतु

विवाह पंजीकरण फीस ₹200/- (बी.पी.एल.परिवार ₹25) एवं 30 दिन के उपरान्त व 90 दिन के भीतर विवाह पंजीकरण फीस ₹400 (बी.पी.एल.परिवार ₹50) प्रति विवाह की दर से वसूल की जानी अपेक्षित है । जांच में पाया कि माह 11/2016 से 03/2017 तक में निम्न विवरणानुसार ₹4980 पंजीकरण फीस के रूप में वसूल नहीं किए गए थे, जिस बारे स्थिति स्पष्ट करें अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रौत से करना सुनिश्चित करें । विवरण निम्नलिखित है :-

| **विवाह पंजीकरण रजिस्टर क्रमांक संख्या** | **नाम** | **विवाह की दिनांक** | **पंजीकरण की दिनांक** | **वसूली योग्य पंजीकरण राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 26 (2016) | श्री विजय चन्द | 02.11.16 | 09.11.16 | 200 |
| 27 | श्री मिन्टू | 04.11.16 | 10.11.16 | 200 |
| 28 | श्री विनय कुमार | 02.11.16 | 15.11.16 | 200-10=190 |
| 29 | श्री प्रशान्त | 16.11.16 | 28.11.16 | 200 |
| 30 | श्री विवेक | 25.11.16 | 02.12.16 | 200 |
| 31 | श्री पंकज कुमार | 23.11.16 | 06.12.16 | 200-10=190 |
| 32 | श्री गौरव संख्यान | 25.10.16 | 06.12.16 | 400 |
| 33 | श्री शम्मी कुमार | 03.12.16 | 12.12.16 | 200 |
| 34 | श्री सुनील कुमार | 30.11.16 | 15.12.16 | 200 |
| 35 | श्री हरीश कुमार | 15.09.16 | 15.12.16 | 400-100=300 |
| 36 | श्री राकेश कुमार | 08.12.16 | 19.12.16 | 200 |
| 37 | श्री शमशेर सिंह | 10.12.16 | 19.12.16 | 200 |
| 38 | श्री अजय कुमार | 10.12.16 | 21.12.16 | 200 |
| 39 | श्री नीरज शर्मा | 10.10.16 | 21.12.16 | 400 |
| 40 | श्री कमल देव | 01.12.16 | 21.12.16 | 200 |
| 41 | श्री अमित शर्मा | 08.12.16 | 21.12.16 | 200 |
| 42 | श्री अविनाश | 08.11.16 | 31.12.16 | 400 |
| 43 | श्री विकास | 01.12.16 | 27.01.17 | 400-100=300 |
| 44 | श्री प्रदीप कुमार | 22.01.17 | 30.01.17 | 200 |
| 1 (2017) | श्री मलकीत सिंह | 22.01.17 | 09.02.17 | 200 |
| 2 | श्री विरेन्द्र सिंह | 05.02.17 | 24.02.17 | 200 |
| | | **कम वसूली गई राशि** | | **₹4980.00** |

उक्त राशि की वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 553 दिनांक 20.11.17 द्वारा कहा गया था, जिसके सन्दर्भ में पत्र संख्या शून्य दिनांक 22.11.17 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त `₹4980/- की वसूली कर ली जाएगी । अतः वसूली करके पचायत के निधि खाते में जमा करना सुनिश्चित करें एवं अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाएँ ।

2. <u>भू- राजस्व की वसूली न करना :-</u>

पंचायत की स्व स्त्रौतों से प्राप्त आय का संबन्धित उपलब्ध अभिलेखों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2014-15 से 2016-17 में भू-राजस्व की वसूली नहीं की गई थी एवं न ही इसकी वसूली हेतु उचित प्रयास किए गए थे। अतः

